समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरें :

राष्ट्रीय जनजाति आयोग सदस्य ने ली बैठक

# 'पिछड़े तबके को मुख्य धारा में लाने के करें प्रयास'

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com



डूंगरपुर। सर्किट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेते राष्ट्रीय जनजाति आयोग सदस्य हरिकृष्ण डामोर।

डूंगरपुर. राष्ट्रीय जनजाति आयोग सदस्य हरिकृष्ण डामोर ने बुधवार को सर्किट हाउस में अधिकारियों की बैठक ली। इसमें डामोर ने कहा कि कमजोर व पिछड़े तबके को मुख्य धारा में लाने के लिए समेकित प्रयासों की आवश्यकता है।

कलक्टर सुरेन्द्र कुमार सोलंकी एवं पुलिस अधीक्षक डा. राजीव पचार ने विकास कार्यों की जानकारी दी। डामोर ने वनाधिकार के अन्तर्गत लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने, निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण कराने, आंगनबाडी में रिकार्ड संधारित रखने, मीनू अनुसार पोषाहार देने, कुपोषित मुक्ति के लिए आवश्यक प्रयास करने अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम व विजिलेंस में लंबित प्रकरणों को त्वरित रूप से निपटाने के निर्देश दिए। एडीएम भोजकुमार सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

पत्रिका Thu, 02 February 2017
epaper.patrika.com//c/16847274

# जनजाति को समान लाना मकसद, भ्रमित न हो अन्य वर्ग



ग्रामीण क्षेत्र में महिला से जानकारी लेते हुए आयोग सदस्य।

## राष्ट्रीय जनजाति आयोग के सदस्य से बातचीत

**बांसवाड़ा @ पत्रिका.** राष्ट्रीय जनजाति आयोग नई दिल्ली के सदस्य हरिकृष्ण डामोर ने बांसवाड़ा जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सरकारी योजनाओं की क्रियान्विति की हकीकत जानने के साथ ही विभिन्न विभागों के कामकाज का निरीक्षण भी किया। सरकारी केंद्रों पर लेटलतीफी, मॉनिटरिंग की कमी, रिक्त पद सहित कई तरह की स्थितियां सामने आईं। यहां सर्किट हाउस में राजस्थान पत्रिका से बातचीत में उन्होंने कई मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। डामोर ने स्पष्ट कहा कि सरकार जनजाति वर्ग को समान लाने के लिए विशेष प्रावधान करती है। मकसद यही है कि समानता का अधिकार मिल सके। अन्य वर्ग ये भ्रम न रखें कि उनके अधिकार छीने जा रहे है। किसी के भी अधिकार नहीं छीनेंगे। डामोर ने मौताणा के संबंध में स्पष्ट कहा कि हर किसी की अलग-अलग राय हो सकती हैं, लेकिन उनका व्यक्तिगत मत है कि मौताणा व्यवस्था गलत है। ये बंद होना चाहिए, क्योंकि इसमें प्रभावित को लाभ मिलता नहीं है और दलाल लाभ उठा ले जाते हैं। आरक्षण के मसले पर डामोर ने साफ कहा कि आरक्षण में वृद्धि व कमी का अधिकार आयोग को नहीं है। आयोग यही देखता है कि जो संविधान में आरक्षण की व्यवस्था है उसके अनुसार मिल रहा है अथवा नहीं।

पत्रिका Sat, 04 February 2017
epaper.patrika.com//c/16847505

हरि कृष्ण डामोर/Hari Krishna Damor
सदस्य/Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

# पुंजपुर अस्पताला में डॉक्टर के दस्तखत, ड्यूटी आसपुर में दे रहे, कार्मिक भी ऐसे ही


## दोवड़ा में निर्माणाधीन पंचायत समिति भवन एवं पंचायत भवन का आयोग सदस्य डामोर ने निरीक्षण किया

भास्कर संवाददाता | आसपुर

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य एवं रिटायर आईएस हरि कृष्ण डामोर ने ग्राम पंचायत पूंजपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व अटल सेवा केंद्र का निरीक्षण किया। वहीं, नरेगा श्रमिकों से संवाद कर समस्याओं को जाना।

ग्राम पंचायत पूंजपुर में मंगलवार को एसटी आयोग के सदस्य ने पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया, जिसमें कई कार्मिकों के हस्ताक्षर नहीं किए थे। डॉ.अमित शर्मा के मेडिकल अवकाश पर होने की बात कही गई, लेकिन मौके पर कोई अवकाश का प्रार्थना पत्र नहीं था। वहीं डॉ. शांतिलाल के हस्ताक्षर पूंजपुर में करने व ड्यूटी आसपुर में देने पर खासी नाराजगी व्यक्त की। लेबर रूम व साफ सफाई पर विशेष निरीक्षण किया । तीन डॉक्टरों में से मौके पर एक डॉक्टर होने पर नाराजगी व्यक्त की। अटल सेवा केन्द्र पहुंच सहायक सचिव से नरेगा में चल रहे कार्यों की जानकारी मांगी। बाद में मौके पर चल रहे नरेगा कार्यों को देखा। सहायक सचिव की ओर से रिकॉर्ड व्यवस्थित नहीं रखने पर उसे हटाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसीओ गोविंदसिंह देवड़ा, सीपीओ जगत नारायण व्यास, सुनिल डामोर, उपजिला शिक्षाधिकारी शिल्पा मीणा, विकास अधिकारी नरेंद्रसिंह दधवाडिया, एईएन वेदप्रकाश मीणा मौजूद थे।

इससे पूर्व उन्होंने दोवड़ा में निर्माणाधीन पंचायत समिति भवन एवं पंचायत भवन का निरीक्षण किया। यहां ग्रामीणों ने राशन और पेंशन में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। डामोर ने चितरेटी में छात्रावास भवन का निरीक्षण किया जिसमें खेल मैदान समतलीकरण के बारे में छात्रावास प्रभारी से जानकारी ली। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पुनाली, उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति की भी जानकारी ली और उपस्थिति के अनुसार पोषाहार की मात्रा नहीं होने पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक को कार्यवाही के लिए कहा। पुनाली आंगनबाड़ी केन्द्र की जांच की जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पोलियो अभियान में जाने और सहायिका द्वारा उपस्थित रजिस्टर प्रस्तुत नहीं करने साथ ही मीनू अनुसार पोषाहार नहीं बनाए जाने पर उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग को कार्यवाही के लिए कहा।



आसपुर. पूंजपुर के अटल सेवा केंद्र पर निरीक्षण करते आयोग के सदस्य।

### डामोर आमजन से भी मिलेंगे

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य हरिकृष्ण डामोर डूंगरपुर जिले के दौरे के दौरान बुधवार दोपहर 12 बजे तक आमजन से मिलकर समस्याओं को सुनेंगे। डामोर सर्किट हाउस डूंगरपुर के कमरा नंबर 4 में ठहरे हैं। डामोर को मोबाइल नंबर 9413331146 है।

# प्रोत्साहन के लिए उदयपुर के विधायक करवा रहे हैं टॉपर बेटियों को हवाईयात्रा

## राष्ट्रीय जनजाति आयोग के सदस्य डामोर ने विभागीय समीक्षा बैठक में दी जानकारी

भास्कर संवाददाता | बांसवाड़ा

राष्ट्रीय जनजाति आयोग के सदस्य, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हरिकृष्ण डामोर ने शुक्रवार को बांसवाड़ा जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक में कहा कि विद्यार्थियों को प्रोत्साहन दिया जाए, तो वे समाज के लिए बड़े मददगार साबित हो सकते हैं।

शिक्षा विभागीय समीक्षा के दौरान डामोर ने बताया कि उदयपुर में विधायक फूलसिंह मीणा द्वारा टॉपर आने वाली बेटियों को हवाई यात्रा करवाकर प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र में शैक्षिक स्तर ठीक नहीं होने पर मलाल जाहिर किया और कहा कि विद्यार्थियों में उच्चारण व आचरण सुधार के साथ संस्कारों के संवहन की आवश्यकता है। डामोर ने शिक्षकों को मेहनत करने की सीख दी। बैठक में उन्होंने कहा कि हर विभाग का अधिकारी कमजोर तबके के लोगों को उपर उठाने के लिए ज्यादा संवेदनशील होकर मदद करने की जरूरत है, ऐसा होने पर ही इनको समाज के अन्य जनों के बराबर लाया जा सकता है।

आरंभ में उन्होंने आयोग की कार्यप्रणाली और इसके जरिए संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बांसवाड़ा जिले में भी विभागवार रिक्त पदों की जानकारी लेकर कहा कि इस स्थिति को दूर करने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

**मौताणा कुप्रथा, बताए नुकसान :** बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. आनंद शर्मा ने जिले में महिला एट्रोसिटी प्रकरणों की अधिकता के बारे में जानकारी दी। डामोर ने क्षेत्र में होने वाले अपराधों की प्रकृति के बारे में भी जानकारी ली और मौताणा की कुप्रथा से होने वाली हानियों के बारे में भी बताया। उन्होंने जनजाति जनों से संबंधित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण का आह्वान किया। इस मौके पर उपखण्ड अधिकारी डॉ. भंवरलाल, कोषाधिकारी संदीप सांदू, बिजली विभाग के एसई मुरारीलाल मीणा सहित समस्त विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

**विभागीय मॉनीटरिंग पर दिया जोर :** बैठक में दौरान जनजाति आयोग सदस्य डामोर ने जनजाति जनों के कल्याण की योजनाओं का पात्र लोगों को पूरा-पूरा लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों की निरंतर मॉनीटरिंग पर जोर दिया। उन्होंने राशन की दुकानों पर सामग्री तय दर पर पूरी-पूरी दिलाने में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डामोर ने पीएचईडी, एवीवीएनएल, उद्योग, नगर परिषद, रसद, नरेगा, साक्षरता, टीएडी, चिकित्सा व शिक्षा विभागीय प्रगति के बारे में जानकारी ली और वनाधिकार मान्यता अधिनियम तथा विस्थापितों से संबंधित प्रकरणों को प्राथमिकता से निबटाने के निर्देश दिए। डामोर ने मनरेगा में व्यक्तिगत लाभ की योजना में केटल शेड निर्माण के कार्य गुणवत्तायुक्त करवाने की भी बात कही।

### मार्च तक 50 हजार कार्ड बनाने का लक्ष्य

बैठक में कार्यवाहक जिला कलेक्टर भानका ने श्रम विभाग द्वारा जिले में 24 हजार श्रमिक हिताधिकारी कार्ड बनाए जाने की जानकारी दी और कहा कि इस कार्य में जल्द ही साक्षरता प्रेरकों तथा कृषि पर्यवेक्षकों को लगाकर मार्च तक 50 हजार कार्ड बनवाए जाएंगे।



जिला अधिकारियों की बैठक में मौजूद जजा आयोग के अध्यक्ष, कलेक्टर व एसपी।

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi